वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 310 शुक्रवार 10 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# सिटी पार्क में टिकट लगने के बावजूद जबरदस्त भीड़

### पहले दिन 4200 से ज्यादा विजिटर्स; बोले- अच्छा कदम, मेंटेनेंस ठीक होगा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में गुरुवार से आमजन के लिए एंट्री टिकट की व्यवस्था शुरू हो गई। टिकट से एंट्री के बावजूद पार्क में जबरदस्त भीड़ रही। सुबह 9 से शाम करीब 7 बजे तक पहले दिन पार्क में 4200 से ज्यादा लोगों ने टिकट खरीदकर पार्क में एंट्री ली। भीड़ को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट की भी सुविधा शुरू की है। मोबाइल ऐप या क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पेमेंट किया जा सकेगा। हाउसिंग बोर्ड के इस फैसले को वहां आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स और अन्य विजिटर्स ने भी सही माना। कहा कि इससे पार्क का मेंटेनेंस अच्छे से होगा। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने कहा- एंट्री फीस लगने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में विजिटर्स का आना सच में आश्चर्यजनक है। फीस लगने से पहले सामान्य दिनों में 10 हजार के करीब विजिटर्स यहां आते थे। कुछ लोगों ने पार्क में शाम को वॉक के लिए फ्री एंट्री की मांग की है, लेकिन हमने उनको नॉमिनल फीस के जरिए एंट्री देने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा- इसके लिए हम 999 रुपए का सालाना एंट्री पास बनवा रहे हैं, जो हर रोज 1 रुपए से भी कम है। उन्होंने बताया कि फीस लगाने का हमारा मुख्य उद्देश्य इस खूबसूरत पार्क की सुंदरता को बनाए रखना है। कुछ शरारती तत्व पार्क में आकर पेड़-पौधों और वहां लगे स्कल्पचर को नुकसान पहुंचाते हैं। फीस लगने और पेनाल्टी लगने से इस तरह की घटनाओं को कंट्रोल किया जा सकेगा। हाउसिंग बोर्ड ने पार्क में एंट्री के लिए आज गुरुवार 9 मार्च से 20 रुपए फीस निर्धारित की है। ये फीस 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों से सुबह 9 बजे बाद एंट्री करने पर ली जाएगी। इसके अलावा यहां प्री-वेडिंग शूट या किसी फिल्म के लिए शूटिंग करते हैं तो उसके लिए भी 10 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराया निर्धारित किया है।



### पहले दिन 90 हजार रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू

पार्क में विजिटर्स की एंट्री फीस से पहले दिन हाउसिंग बोर्ड को 90 हजार रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिला। कमिश्नर ने बताया कि ये सारा रेवेन्यू पार्क के मेंटेनेंस पर खर्च होगा। उन्होंने बताया कि जिन विजिटर्स को काउंटर पर जाकर या कैश पैसे देकर टिकट नहीं खरीदना है वे सिटी पार्क जयपुर के नाम से बने मोबाइल ऐप या पार्क के चारों तरफ लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पेमेंट करके एंट्री टिकट ले सकते हैं।

## मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय

### अब प्रदेश के 30 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का लाभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत लाभान्वितों की संख्या 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के लिए गहलोत ने 56.40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य के कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को प्रोफेशनल कोर्सेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से इस योजना की शुरूआत की गई थी। आशा के अनुरूप योजना की सफलता को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में लाभार्थियों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार की गई थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में बढ़ाकर 30 हजार कर दिया गया है।

# आईटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है राजस्थान: मुख्य सचिव

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वनस्थली विद्यापीठ व आरकैट के बीच हुआ एमओयू

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट) द्वारा गुरुवार को जयपुर सूचना केंद्र सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य सचिव उषा शर्मा थी। कार्यक्रम में आरकैट के औद्योगिक भागीदार कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब द्वारा ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ग्राफिक डिजाइनिंग का पाठ्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान आर्कैट व वनस्थली विद्यापीठ के मध्य एक एमओयू हुआ जिसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आर्कैट




वनस्थली के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अपने औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोग करेगा। महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति और महत्व का एहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आईटी आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल, महिलाओं की सेहत से जुड़ी आईएम शक्ति उड़ान योजना तथा मुफ्त जांच व दवाई योजना पूरे देश में मिसाल है।




## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के फागोत्सव में फिल्म अभिनेता गोविंदा ने की शिरकत

# संस्कृति संरक्षण में वैश्य समाज दे रहा है बड़ा योगदानः गोविंदा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अन्तरर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान, युवा विंग द्वारा होटल प्राइम सफारी, जयपुर में आयोजित फागोत्सव- ''होलिया में उड़े रे गुलाल'' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता गोविंदा शिरकत करते हुए प्रेम, प्रोत्साहन एवं शुभकामनाओं के रंग बरसाए। गोविंदा ने पत्नी सहित कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। होली के लोक गीतो को सुनकर एवं लोक नृत्य देखकर गोविंदा ने कहा कि ''देश विदेश में भारतीय लोक संस्कृति के संरक्षण एवं उसे फैलाने में वैश्य समाज बहुत बड़ा योगदान दे रहा है, फाग उत्सव में सम्मिलित हो गौरव का अनुभव कर रहा हूं इस अवसर पर हमे आमंत्रित करने के लिए वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं''। महासम्मेलन युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जे.डी. माहेश्वरी एवं महामंत्री केदार गुप्ता ने बताया कि फागोत्सव का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गोकुलदास माहेश्वरी, प्रमोद गोयल, महासम्मेलन के प्रदेश प्रभारी ध्रुव दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एन. के. गुप्ता, महामंत्री गोपाल गुप्ता, समाज सेवी जुगल डेरेवाला, हरिमोहन डगायच, पवन गोयल, श्याम अग्रवाल, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति खंडेलवाल एवं महामंत्री चारू गुप्ता ने किया। महासम्मेलन की युवा विंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष योगी मनीष भाई विजयवर्गीय ने बताया कि फागोत्सव में अग्रवाल, खंडेलवाल, महेश्वरी, जैन, विजयवर्गीय सहित वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारि एवं प्रतिनिधि अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए जिनका राजस्थानी लोक गीत संगीत के बीच महा सम्मेलन के अतिरिक्त महामंत्री कृष्ण अवतार बाजारगान, कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ पाटोदिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राघव गोयल ने केसरिया दुपट्टा पहनाकर एवं रंग-बिरंगे पुष्पों से स्वागत किया। इस अवसर पर महा सम्मेलन के प्रदेश प्रभारी समाजसेवी ध्रुवदास अग्रवाल के जन्म दिवस युवा पदाधिकारियों द्वारा विशेष पुष्पहार पहना कर एवम केक काटकर मनाया गया, इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा गीत संगीत की प्रस्तुति पर पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, समाज सेवी के. एल. जैन, सोहन लाल तांबी, जयपुर जिला सेंट्रल महिला विंग की अध्यक्ष मीना जैन चौधरी, मंत्री सुषमा महेश्वरी,, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष सारिका जैन, कार्यकारी अध्यक्ष ऋतु जैन, राखी गंगवाल , किरण बागड़ा, अनीता ठोलिया, अनीता जैन ,सुनीता जैन मीनाक्षी सोगानी,आशा संभरिया, कल्पना गुप्ता , संतोष खंडेलवाल ,विष्णु विजयवर्गीय, शंभु दयाल गुप्ता, मनीष गुप्ता, शंकर अग्रवाल, सूर्य प्रकाश रस्तोगी, राजेश तांबी वैश्य, मुकेश राठी सहित वैश्य समाज के युवाओं व महिलाओं के साथ वरिष्ठ जन भी झूमते नजर आए। गायिका शुभांगी विजयवर्गीय द्वारा ''सांवरियो है सेठ .. म्हारी राधा जी...'' भक्ति गीत की प्रस्तुति को धर्म प्रेमियों ने सराहा, कार्यक्रम का संचालन विख्यात एंकर प्रीति सक्सेना ने किया।

Happy Anniversary
श्री कमलेश-माया जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य


को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां
मोबाइल: 9414001551
शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन सस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव
समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार

# सिद्धचक्र महामंडल विधान भव्य शोभा यात्रा के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में सानंद संपन्न





**कोटा. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य जंगल वाले बाबा मुनि श्री चिन्मय सागर जी महाराज की पावन प्रेरणा से निर्मित आर के पुरम स्थित 1008 श्रीमुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर में फाल्गुन मास की आष्टानिका के पावन सुअवसर पर सिद्धचक्र महामंडल भव्य घटयात्रा से प्रारंभ हुआ। विधान शोभा यात्रा के साथ हर्षोल्लास के मंगलमय वातावरण में सानंद संपन्न हुआ। इंद्र इंद्राणी के संग सैकड़ों श्रद्धालुगण झूम झूम भक्ति रस में डूब गए थे। फाल्गुन के मास में होली के पावन अवसर पर भक्ति के रंग के रंग रहे थे। अष्ट कुमारियों ने भी खूब भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। समिति के अध्यक्ष महावीर जैन सरवाडिया, महामंत्री पवन पाटौदी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन खजुरी ने बताया विधि विधान की क्रियाएं पंडित अभिषेक शास्त्री एवं पंडित शुभम शास्त्री के द्वारा कराई गई। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि दिनांक 6 मार्च को प्रातः काल मंगलाष्टक के बाद मूलनायक भगवान पर प्रथम अभिषेक किया। फिर शांति धारा की गई। इसके बाद हवन एवम विश्व में शांति की मंगल कामना से विश्वशांति महायज्ञ किया गया। आयोजन को सफल बनाने वाले श्रावक श्रेठी परिवारजनों का भाव भाव भीना अभिनंदन किया। जैन युवा पत्रकार गौरव पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार ने आगे बताया कि विधान में मुख्य मंगल कलश विनोद जैन टोरडी परिवारजन एवम अभिमंत्रित जाप्य कलश संजय लुहाड़िया परिवारजन को मिला। श्रीजी की भव्य शोभायात्रा जिसमे सर्व प्रथम बैंड बाजे घोड़े फिर श्री जी को रथ यात्रा में विराजमान किया गया। प्रमुख आकर्षण का केंद्र यह रहा कि रथ को युवा लोग अपने हाथो से खीच रहे थे। सैकड़ों श्रद्धालु गण भक्ति रस में नृत्य करते हुए चल रहे थे। आठ दस बघियो में प्रमुख पात्र ध्वजारोहण कर्ता सोधर्म मैना सुंदरी-श्रीपाल कुबेर सानत इंद्र ईशान इन्द्र के साथ पात्र बैठे थे। शोभा यात्रा में श्री जी को विराजमान करने एवम सारथी का पुण्यार्जन जिनेंद्र जैन बरमुंडा परिवारजन को मिला। शोभायात्रा आर के पुरम जैन मंदिर से कल्पना चावला सर्किल होते हुवे विभिन्न मार्गो से मंदिर परिसर पहुंची।

प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि सायंकाल 108 मंगल दीपकों से भकामर आराधना एवम भव्य आरती की गई। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में आमोलकचंद जैन पंकज जैन, चंद्रेश जैन, राकेश जैन, मुकेश जैन, रूपचंद जैन, हरक चंद जैन, अनुज गोधा, प्रेम चंद जैन, राजकुमार जैन वैद् भागचंद जैन बाबूलाल जैन निर्मल जैन पवन जैन एस के जैन मनीष जैन हरसोरा, अरुण जैन, सुरेंद्र जैन, पंकज जैन का विशेष योगदान रहा।

## स्नेहिल वनिता संघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महिलाओं के संघटन स्नेहिल वनिता संघ ने चौडा रास्ता स्थित यशोदानन्दजी के मंदिर में होलीमिलन समारोह मनाया। इसके अन्तर्गत होली के गीत गाये व नृत्य किया तथा होली पर बनाई हाऊजी खिलाई। संघ की अध्यक्षा श्रीमति लता जैन ने बताया कि महिलाओं में होली के प्रोग्राम को लेकर काफी उत्साह था। मंत्री श्रीमति मणि कोठ्यारी ने आने वाली सभी महिलाओ का स्वागत किया।अन्त में संघ की कोषाध्यक्ष डां.शान्ति जैन ''मणि'' ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दिगम्बर जैन महासमिति जगतपुरा इकाई का हुआ गठन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री शांतिनाथ दि जैन मंदिर सेक्टर 3 में दिगम्बर जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग की ओर से आयोजित स्नेह मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह में मालवीय नगर संभाग अध्यक्ष अजीत बड़जात्या मंत्री विजय कासलीवाल ने जगतपुरा इकाई का गठन किया जिसमें प्रमोद जैन अध्यक्ष, विनोद पापडीवाल महामंत्री, सन्मति जैन उपाध्यक्ष, मुकेश जैन कोषाध्यक्ष, अनिल जैन युवा प्रकोष्ठ मंत्री, रेणू जैन महिला प्रकोष्ठ मंत्री को मनोनीत कर शपथ ग्रहण का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी भामाशाह पूर्व अध्यक्ष राज आंचल उत्तम पांड्या, अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आई पी एस रिटायर्ड, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, मंदिर अध्यक्ष सी एल जैन, समाजसेवी अशोक लुहाड़िया एवं आंचल व मालवीय नगर संभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वेद ज्ञान

# जीवन में संस्कार

हमारे जीवन में संस्कारों की आधारशिला हमारे माता-पिता बचपन से ही रख देते हैं और फिर उसी दिशा में हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। हालांकि वर्तमान में अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को महान गणितज्ञ, वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर आदि बनने के लिए प्रेरित करते हैं, लेकिन यह कतई संभव नहीं है कि हर बच्चा अपने क्षेत्र में महान बने, मगर हर बच्चे को हम सत्यवादी, आज्ञाकारी, परोपकारी जरूर बना सकते हैं। प्रथम गुरु होने के नाते हर माता-पिता को अपने बच्चे को आदर्श बनने की प्रेरणा देनी चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों को पशु-पक्षियों से प्रेम करना, पेड़-पौधों की रक्षा करना और अपने से बड़ों का आदर करने की सीख देनी चाहिए। किसी भी बालक का चरित्र ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी होती है और उसे जीवनपर्यंत इसकी रक्षा करनी चाहिए। चरित्रवान व्यक्ति ही समाज, राष्ट्र व विश्व का सही नेतृत्व और मार्गदर्शन कर सकता है। स्वामी विवेकानंद ने मनुष्य के चरित्र को उसका वास्तविक धन बताया है यानी चरित्र की पूर्ति धन, यश, नाम, विद्वत्ता इत्यादि में से कोई नहीं कर सकता है। स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि यदि किसी बालक में चरित्र का निर्माण हो गया तो बाकी चीजें स्वयं हो जाती हैं। चरित्र निर्माण के लिए व्यक्ति को संतोषी स्वभाव का होना चाहिए। संतोष से तात्पर्य है कि मानव अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं पर नियंत्रण रखे। संस्कारी व्यक्ति हमेशा अपनी इंद्रियों को अपने नियंत्रण में रखता है, जिससे उसमें हमेशा संतोष का भाव रहता है। दूसरी ओर और ज्यादा पाने की अभिलाषा मनुष्य को भ्रष्ट बना देती है और भ्रष्ट व्यक्ति भौतिक वस्तुओं का दास बन जाता है, जबकि संस्कारी व्यक्ति इन वस्तुओं को अपना दास बनाता है। दरअसल किसी भी व्यक्ति का चरित्र उसके विचारों से बनता है। हमारे मन-मस्तिष्क में जैसे विचार आएंगे, हमारे कर्म भी वैसे ही होंगे और कर्म ही हमारे चरित्र का निर्माण करेंगे। न केवल जीते-जी, बल्कि मरणोपरांत भी व्यक्ति का चरित्र जीवित रहता है। चरित्र का निर्माण करने वाले हमारे विचारों को हमारे आस-पास का वातावरण प्रभावित करता है। यदि हम अच्छे समाज और लोगों की संगत में बैठेंगे तो हमारे विचार भी उच्च होंगे।

## संपादकीय

# दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है अब मानव अंगों की जरूरत

भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। इसके मुकाबले साल 2022 में पंद्रह हजार अंगों का प्रत्यारोपण ही हो पाया है। लोगों की जान बचाने के लिए जरूरत और उपलब्धता के बीच की इस खाई को पाटना जरूरी है। इसके दो ही उपाय हैं। पहला, अंगदान के लिए लोगों को जागरूक किया जाए और दूसरा, स्तंभ कोशिकाओं यानी स्टेम सेल के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाया जाए। अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए भारत सरकार **''एक राष्ट्र-एक नीति''** लागू करने जा रही है। अब अंगदान और उसका प्रत्यारोपण देश के किसी भी अस्पताल में कराया जा सकता है। भारत सरकार ने मूल निवासी प्रमाणपत्र की बाध्यता को हटाते हुए आयु सीमा की बाध्यता भी खत्म कर दी है। अंग प्राप्त करने के लिए अब जरूरतमंद रोगी किसी भी राज्य में पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए अब मरीजों से कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।



मालूम हो कि तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल जैसे राज्य अंगदान के पंजीकरण के बहाने पांच हजार से दस हजार रुपए के बीच शुल्क ले रहे थे। बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है, लेकिन उपलब्धता कम है। हालांकि 2022 में पंद्रह हजार से ज्यादा अंगों का प्रत्यारोपण हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अंग प्रत्यारोपण में सालाना सत्ताईस फीसद की दर से वृद्धि हो रही है। लिहाजा मांग के अनुपात में पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके मद्देनजर अब स्तंभ कोशिकाओं के जरिए अंगों का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। दो लाख लोग यकृत, पचास हजार लोग हृदय और डेढ़ लाख लोग गुर्दा संबंधी बीमारियों से हर साल मरते हैं। हालांकि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए कई लोग अपना गुर्दा दान देने लगे हैं। लेकिन पूरे साल में पांच हजार रोगियों को ही गुर्दा दान में मिल पाते हैं। इनमें नब्बे फीसद गुर्दे महिलाओं के या निकटतम परिजनों के होते हैं। ऐसे में अंगों का कृत्रिम तरीके से उत्पादन जरूरी है। मानव त्वचा की महज एक स्तंभ कोशिका (स्टेम सेल) को विकसित कर कई तरह के रोगों के उपचार की संभावनाएं उजागर हो गई हैं। स्तंभ कोशिका मानव शरीर के क्षय हो चुके अंग पर प्रत्यारोपित करने से अंग विकसित होने लगता है। करीब दस लाख स्तंभ कोशिकाओं का एक समूह सुई की एक नोक के बराबर होता है। ऐसी चमत्कारी उपलब्धियों के बावजूद समूचा चिकित्सा समुदाय इस प्रणाली को रामबाण नहीं मानता। शारीरिक अंगों के प्राकृतिक रूप से क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने की प्रणाली में अभी और सुधार की जरूरत है। इधर, वंशानुगत रोगों को दूर करने के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का भी दवा के रूप में इस्तेमाल शुरू हुआ है। इसके लिए गर्भनाल रक्त बैंक भी भारत समेत दुनिया में वजूद में आते जा रहे हैं। इसमें प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद अगर इससे प्राप्त स्तंभ कोशिकाओं का संरक्षण कर लिया जाए तो इनसे परिवार के सदस्यों का दो दशक बाद भी उपचार संभव है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# तकनीक की जंग

दुनिया में जंगें अब सिर्फ देशों की सीमाओं पर नहीं लड़ी जातीं, आर्थिक मोर्चे पर भी होती हैं। अब जंग उच्च तकनीक के माध्यम से बाजार की ताकतों को अपने नियंत्रण में करने के लिए कौशल रूपी हथियार से लड़ी जा रही है। इस जंग में कई देश शामिल हैं, पर अमेरिका और चीन तकनीकी जंग के मोर्चे पर आमने-सामने खड़े हैं। यह जंग सेमीकंडक्टर को लेकर है। यह एक चिप है, जो वास्तव में हमारे दैनिक जीवन की एक ताकत है। सिलिकान का यह एक छोटा-सा टुकड़ा पांच सौ अरब डालर के उद्योग का केंद्र है, जिसकी कीमत 2030 तक दोगुनी होने का अनुमान है। इसकी आपूर्ति शृंखला को कौन नियंत्रित करेगा, इसको लेकर जंग जारी है। इन्हें बनाने वाली कंपनियों और देशों का एक पेचीदा संजाल है। इसकी आपूर्ति शृंखला का नियंत्रण ही वह कुंजी है, जो किसी को एक बेजोड़ महाशक्ति बना सकता है। चीन ये चिप बनाने की तकनीक चाहता है, पर अमेरिका, जो इस तकनीक का अधिकतर स्रोत अपने पास रखे हुए है, उसे पीछे धकेल रहा है। दोनों देश साफतौर पर एशिया प्रशांत क्षेत्र में हथियारों की दौड़ में शामिल हैं। मगर वे कृत्रिम मेधा (एआइ) एल्गोरिदम की गुणवत्ता को बेहतर करने में भी लगे हैं, ताकि उन्हें सैन्य प्रणाली में लगाया जा सके। अभी अमेरिका जीतता हुआ दिख रहा है। मगर चीन के खिलाफ घोषित चिप युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया रूप दे रहा है। सेमीकंडक्टर बनाना जटिल काम है। इसमें विशेषज्ञता की जरूरत है। आइफोन की चिप अमेरिका में डिजाइन होती और ताइवान, जापान और दक्षिण कोरिया में बनती हैं और फिर चीन में उन्हें जोड़ा जाता है। भारत इस उद्योग में बहुत निवेश कर रहा है, जो आगे भविष्य में एक बड़े खिलाड़ी की भूमिका निभा सकता है। सेमीकंडक्टर का आविष्कार अमेरिका में हुआ था, लेकिन समय के साथ-साथ पूर्वी एशिया इसके उत्पादन केंद्र के तौर पर उभर कर सामने आया। इसके लिए वहां की सरकारों की प्रोत्साहन राशि और सबसिडी जिम्मेदार थी। अमेरिका ने भी इस क्षेत्र में व्यापार विकसित करने के लिए रणनीतिक साझेदारियां कीं, क्योंकि रूस के साथ शीत युद्ध के समय से उसके इस क्षेत्र से संबंध कमजोर थे। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे के बाद यह अब भी अमेरिका के लिए महत्त्वपूर्ण है। अब दौड़ इन चिपों को बड़े पैमाने पर अधिक छोटा और कुशल बनाने की है। अब चुनौती यह है कि एक छोटे से सिलिकान वेफर पर कितने ट्रांजिस्टर फिट हो पाएंगे, जो अपने आप चालू और बंद हो सकें। खासकर समय के साथ ट्रांजिस्टर के घनत्व को दोगुना करना एक बहुत मुश्किल लक्ष्य है। यह हमारे फोन को अधिक तेज बनाता, डिजिटल फोटो संग्रह को और बड़ा करता, स्मार्ट होम डिवाइसेस को समय के साथ अधिक स्मार्ट बनाता और सोशल मीडिया सामग्री का दायरा फैलाता है। 2022 के मध्य में सैमसंग ऐसी पहली कंपनी बनी, जो तीन नैनोमीटर की चिप बनाने में सफल हुई थी। इसी साल के आखिर में ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) भी यह करने में सफल रही। यह दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी होने के साथ-साथ एप्पल की सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता है। यह चिप इंसानी बाल के किनारे से भी छोटी होती है, जो कि पचास से एक लाख नैनोमीटर बारीक होती है। यह छोटी खास धार वाली चिप बेहद शक्तिशाली होती है।







# दिगम्बर जैन महासमिति राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय महामंत्री और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और निर्वाचन प्रक्रिया की गई

खबर जयपुर की गलियों से

दिगम्बर जैन महासमिति की इंदौर में अशोक बड़जात्या के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय महामंत्री और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और निर्वाचन प्रक्रिया की गई। निर्विरोध रूप में सुरेंद्र कुमार जैन पांड्या जयपुर को राष्ट्रीय महामंत्री को निर्वाचित घोषित किया गया और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर गौरव जैन झाँसी का निर्वाचन हुआ। चुनाव के पश्चात महेन्द्र कुमार पाटनी को धार्मिक और सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए दिगंबर जैन महासमिति की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका इस सम्मान के लिए भाव भीना स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन ने अपने प्रथम भाषण में संगठन को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की और संगठन को मजबूत बनाने हर संभव प्रयास करेंगे सभी उपस्थित अंचल अध्यक्षो ने संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्त्री, प्रसुति एवं शिशु रोग चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया




खबर जयपुर की गलियों से

इंडस जयपुर हॉस्पिटल मानसरोवर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्त्री, प्रसुति एवं शिशु रोग चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ शिप्रा विक्रम (आर.जी.एच.एस-प्रोजेक्ट हेड) के द्वारा किया गया। इंडस जयपुर हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. शैलेन्द्र शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. करण शर्मा एवं सी.ओ.ओ डॉ रितु चौधरी, डॉ. पाँखुरी गौतम, डॉ. सीमा रंजन व डॉ. संतोष सलोरिया एवं अन्य सभी डॉक्टरों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इंडस जयपुर हॉस्पिटल के सी.ओ.ओ डॉ रितु चौधरी ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस विशाल निःशुल्क शिविर में स्त्री, प्रसुति एवं शिशु रोग चिकित्सा परमसर्श एवं जांच दि गई। शिविर में डॉ. पाँखुरी गौतम, डॉ. सीमा रंजन व डॉ. संतोष सलोरिया के द्वारा अपनी निःशुल्क परामर्श दिया। शिविर में रियायती दरो पर जांचे उपलब्ध करवाई गई।

## राष्ट्रीय एकता शिविरः युवाओं में एकता स्थापित करने का एक अनवरत प्रयास




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर, राजस्थान के द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में 27 फरवरी 2023 से 5 मार्च 2023 तक किया गया। एस पी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर ने बताया कि शिविर के समापन दिवस पर मुख्य अतिथि रामलाल शर्मा, विधायक, (चौमू विधानसभा) थे। उन्होंने बताया कि शिविर में 13 प्रदेशों के 100 स्वयंसेवक और 100 सेविकाओं तथा 10 टीम लीडर ने भाग लिया। उन्होंने बताया इस शिविर में पधारे सभी स्वयंसेवकों द्वारा भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा इस शिविर के माध्यम से युवाओं की विचारधारा को मंच पर लाकर उन्हें एक करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रभात फेरी, योगा, खेल, बौद्धिक क्षमता, श्रमदान, रंगोली, अकादमिक सत्र का आयोजन किया गया। शिविर के समापन पर सभी टीमों द्वारा सांस्कृतिक परेड निकाली गई इसमें सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री रामलाल शर्मा जी ने बताया कि मैं भी एक एनएसएस स्वयंसेवक रहा हूं, उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि आज एक लघु भारत देखने को मिल रहा है।

# जे एस जी नॉर्थ का होली मिलन संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का धुलडी कार्यक्रम दिनांक 7 मार्च 2023 को स्टोरी रिसोर्ट दिल्ली रोड पर संपन्न हुआ। ग्रुप अध्यक्ष अभय गंगवाल ने बताया कि सभी सदस्यों ने फूलों एवं गुलाल के साथ होली खेली एवं सभी सदस्यों ने ग्रुप द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में आकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए नए एवं पुराने गानों पर होली धमाल की। कार्यक्रम संयोजक विजय रिद्धि, मनोज अलका, रवि कमल रूबी एवं अभिषेक खुशबू थे ।

Happy Anniversary

10 मार्च



दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सदस्य
जे एस जी सिद्धा के संस्थापक अध्यक्ष

**श्री धीरज सीमा पाटनी**


को वैवाहिक वर्षगांठ पर

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं**

मोबाइल नंबर : 9929110116

# नवदीक्षित श्री अक्षय मुनि जी महाराज, अमन मुनि जी महाराज 84 घंटे की निर्जल उपवास, मौन, एकांतवास साधना पूर्ण

**चंद्रेश जैन. शाबाश इंडिया**




**श्री महावीरजी।** अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी की पावन पुण्य धरा पर होली चातुर्मास (तेले की तपस्या) हेतु आनंद भवन में विराजमान पूज्य गुरुदेव श्री आलोक मुनि जी महाराज, युवा कर्मठ संत श्री अमन मुनि जी महाराज, नवदीक्षित श्री अक्षय मुनि जी महाराज, अमन मुनि जी महाराज 84 घंटे की निर्जल उपवास, मौन, एकांतवास साधना पूर्ण करके प्रातः 7:30 बजे भक्तो को दर्शन दिए, दर्शन करने वाले भक्तों का तांता लगा हुआ देखने को मिला, वहीं आनंद भवन धर्मशाला से भव्य जुलूस के साथ महाराज साहब ने बड़े मंदिर में टीले वाले बाबा के दर्शन किए तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पल्लीवाल धर्मशाला के निकट पहुंचे, कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव श्री आलोक मुनि जी महाराज ने मंगलाचरण से किया, अन्य श्रद्धालुओं द्वारा गुरु चरणों में अपनी अपनी भक्ति भावना प्रस्तुत की गई, साथ ही शानू एंड पार्टी कोटा ने भजनों के माध्यम से सबको मंत्रमुग्ध किया कार्यक्रम में दिगम्बर संत आचार्य श्री विमल सागर जी, श्री चिन्मयानंद जी महाराज साहब ने अपनी वाणी से भक्तो को लाभान्वित किया, कार्यक्रम में आए हुए श्रद्धालुओं को भाई संजय जैन रजनी जैन द्वारा सम्मान किया गया, इस मौके पर चंदन वाला महिला मंडल जुलूस के साथ-साथ गईं। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी, कार्यक्रम के अन्तर्गत चांदी व सोने के सिक्के लक्की ड्रा के रूप में निकले गए, कार्यक्रम में पटोंदा, हिंडौन, आगरा, भरतपुर, जयपुर, उदयपुर, दिल्ली, सहारनपुर, लुधियाना, गुरुग्राम आदि आदि क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस मौके पर आए हुए श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

## होली पर्व धूमधाम से मनाया



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। रंगों का त्योहार होली पर्व सोमवार व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को नगरवासियों ने नगर में अनेक स्थानों पर होलिका दहन से पूर्व होली व प्रहलाद की पूजा-अर्चना की। इसके बाद होलिका दहन किया गया। मंगलवार को घूलन्डी पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक- दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर खुशी का इजहार किया। होली पर्व के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में तरह-तरह के व्यंजन बनाए।



# महावीर साधना संस्थान के भवन के नींव का शिलान्यास सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर साधना संस्थान, महावीर नगर के भवन की भूमि पूजन व नींव का शिलान्यास कार्यक्रम बुधवार को सुरेश श्रीमती शशि सोगानी परिवार के द्वारा सकल दिगम्बर जैन समाज की उपस्थिति में बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ ।सभी जैन परिवारों के लोगों ने उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। प्रातः विधानाचार्य पंडित संजय शास्त्री ने दिगम्बर जैन विधि से पूजा कराई। उसके पश्चात भूमि , ईंटों का शुद्धिकरण मंत्रोच्चार द्वारा किया गया। तथा भवन की नींव का शिलान्यास सुरेश शशि सोगानी परिवार ने किया। सुरेश शशि सोगानी का अभिनंदन अनिल शशि जैन अध्यक्ष, नरेन्द्र जैन मधु काला, सुरेन्द मृदुला पांड्या मुख्य समन्वयक, सुरेश नीता काला सचिव ने किया। अक्षत श्रीमती चारु व शौर्य अक्षिता का अभिनंदन तिलक, माला, साफा, शाल ओढ़ाकर महावीर कांता गोधा कोषाध्यक्ष, सुभाष जैन उपाध्यक्ष, विनोद सुशीला बड़जात्या सहसचिव, बाबूलाल सरला बाकलीवाल सांस्कृतिक सचिव व समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने



किया। शिलान्यास कर्ता के बाद ताराचन्द कासलीवाल नो प्रतिमाधारी ने ईंट रखी। ततपश्चात कार्यकारिणी के उपस्थित सदस्यों व दान दातारों ने नींव की ईंट रखी। कार्यक्रम में शेखर, प्रसन्न, मुकेश, सुनील, अनिल, राजेन्द्र गोदिका, विनोद बड़जात्या सह सचिव, पदम चंद गंगवाल, अशोक गंगवाल, राकेश जैन, जितेन्द्र कासलीवाल आदि उपस्थित रहे। नरेश कासलीवाल ने बताया कि अनिल जैन अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित होने पर सभी समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# महिला दिवस पर स्वस्थ छात्राओं हेतु संकल्प

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की मातृ शक्तियों द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप की सभी उपस्थित मातृ शक्तियों ने एक स्वर में आने वाले समय में महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रण लिया। इसके लिए समय-समय पर विभिन्न सेमिनार, प्रदर्शन, जांच शिविरों द्वारा महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति चेतना दिलाने के लिए उचित प्रबंधन करने हेतु भावना कावड़िया एवं अनिता धाकड़ को संयुक्त रूप से मनोनीत किया गया। स्वास्तिक ग्रुप के मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि उदयपुर एवं उसके आस-पास के गांवों में महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर और आवश्यक संसाधनों को सहज उपलब्ध कराने की कोशिश जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों की महिलाओं, स्कूल की छात्राओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं उचित परामर्श द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे संक्रमण, महिलाओं में होने वाली सामान्य बीमारियाँ, हीमोग्लोबिन की कमी, असुरक्षित प्रसव इत्यादि को दूर करके महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर चंचल छाजेड़, कविता सुराणा, वैश्ह्या जैन, मीनाक्षी लोढ़ा, श्रुति सुराणा, शीला लोढ़ा, स्नेहलता गांग, कोमल मारू, ललिता जैन, मीनाक्षी खुर्दिया, विजया सुराणा, सरला मेहता, निशा पोरवाल, प्रवीणा बडाला, मीना मेहता आदि उपस्थित रहे।




**स्वास्तिक ग्रुप के मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि उदयपुर एवं उसके आस-पास के गांवों में महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर और आवश्यक संसाधनों को सहज उपलब्ध कराने की कोशिश जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की मातृशक्ति द्वारा किया जाएगा।**

# अष्टान्हिका महापर्व संपन्न

## पारस विहार मंदिर में सिद्ध चक्र मंडल विधान का हुआ भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य उपाध्याय उर्जयंत सागर जी मुनिराज के सानिध्य में चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंम्बर जैन मंदिर, पारस विहार, में अष्टान्हिका महापर्व सानंद संपन्न हुआ।मंत्री प्रमोद बाकलीवाल ने बताया प्रातः अभिषेक एवं शान्ति धारा के पुण्यांजक सुरेन्द्र जी-निंमला , नितिन-शालू, डेजी चांदवाड़, राधा निकूंज, परिवार थे।महामण्ड़ल विधान के मुख्य संयोजक पवन कुमार गोदीका ने बताया कि सिद्धो की महाअराधना महापर्व सिद्धचक्र महामण्डल पूजा में लगभग 55 इन्द्र-इन्द्रानियो ने भाग लिया। पूजा पंडित सुरेन्द्र सलूम्बर वालो ने अपने मुखारविंद से बोल कर करवाई।बाद में वात्सल्य रत्नाकर परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमल सागर जी मुनिराज का 70 वां दीक्षा जयंती पर्व पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के सानिध्य में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम मे चित्र अनावरण अनिल जमगे, सुनील ,संजय ,संतोष जमगे, शोलापुर, प्रमोद गोधा श्योपुर,रुपेन्द्र छावडा़(अशोक जी) सिद्धार्थ नगर ने किया।दीप प्रज्वलन नरेश , दिनेश पापड़ीवाल, तारा चंद (स्वीट कैंटर्स) वालों ने किया। पूज्य श्री पाद प्रक्षालन सनत कुमार जी, प्रेम चंद रांवका एन.के.खींचा साहब पी.सी. जैन ने किया। विनयाञ्जली प्रस्तुती विमलचंद जी, एन.के.खीचा की। श्रीफल सर्पपण:- अरुण बाकलीवाल, माणक चंद सारवूनिया, पवन कुमार जैन(गोदीका) ने किया। आचार्य श्री कोपुष्णाञ्जलि प्रताप नगर सेक्टर 8,मान सरोवर जैन समाज ने अर्पित की।मंत्री प्रमोद बाकलीवाल ने बताया सिद्धों की महाआराधना महापर्व की शुरुआत् आदिनाथ भगवान के अभिषेक, शांतिधारा से हुई।आज की महाशांति धारा में भक्तो ने विश्व शांति की कामना की। संगठन मंत्री गौरव जैन ने बताया कल कार्यक्रम का समापन विश्व शांति महायज्ञ से होगा। जिसमे घी, धूप से आहुति दी जायेगी। कार्यक्रम मे जयपुर जैन समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने सहयोग किया और भाग्य को सराहा।



# बाबा कालीचरण जी महाराज का जयपुर आगमन

### समाज को जागरूक करने पर हुई चर्चा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बाबा कालीचरण महाराज होली के पावन अवसर पर जयपुर पधारे। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी निर्मल सोगानी के वसुंधरा कॉलोनी स्थित निवास पर समाज के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई, जो स्वराज की स्थापना के लिए प्रयत्नशील है ।इस अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के अध्यक्ष राकेश गोदिका, कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या, उपाध्यक्ष राकेश संघी, समाज सेवी निर्मल सोगानी, जे एस जी कैपिटल के निर्वाचित अध्यक्ष अनिल रावका आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## तीये की बैठक



**हमारी आदरणीय**

# श्रीमति ललिता देवी

धर्म पत्नी स्व. डॉ. दुलीचंदजी गोदीका का स्वर्गवास दिनांक 08-03-2023 को हो गया है। **तीये की बैठक 10-03-2023 को प्रात: 9 बजे भट्टारकजी की नसियां (छतरी संभाग) में होगी।**

शोकाकुल: दिलीप-रजनी, रवि-अंजू (पुत्र-पुत्रवधू) निर्मल-इंदू, रानी, राजकुमार-मधु (भतीजे-वधु) ऋतुल, अवि, अंकित-पूजा, आयुष, अर्पित, अरुज (पौत्र-पौत्रवधु), पारखी, लविष्का (पड़पोती), दीपीका-शैलेन्द्र (पुत्री-दामाद), रानी, सुनीता-निहलचंदजी, सुधा-शेखरजी, ऊषा-सुभाषजी (भतीजी-जवांई), सौम्य-अंकिता (दोहिता-वधु) आर्ची-अंशुलजी (दोहिती-दामाद), समृद्ध (पड़दोहिता) एवं समस्त गोदीका परिवार। **पियर पक्ष:** सुशील कुमार सुधीर कुमार नितिन पाटनी (रंग वाले)।




# जैन सोश्यल ग्रुप का रंगीलो म्हारो ढोलना आयोजित

**सीकर. शाबाश इंडिया**

रंगों के त्यौहार होली के शुभ अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप सीकर का रंगीलो म्हारो ढोलना होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप के मंत्री अंकुर छाबड़ा ने बताया कि सर्वप्रथम सभी आगंतुको का अबीर गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पुरस्कार प्रायोजक अनुभव-शिल्पा सेठी एवं योगेश-राधिका बाकलीवाल ने सर्वप्रथम जिनेन्द्र भगवान के चित्र के समक्ष दीपप्रज्जवल किया तत्पश्चात आरती की गई। संयोजक नवीन-प्रियंका रारा,विकास-दीपिका जयपुरिया, केतन-मोनिका रारा एवं निशांत-वैशाली बिनायक्या ने रंगीलो म्हारो ढोलना पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। अध्यक्ष मनोज बाकलीवाल ने बताया कि होली थीम पर म्यूजिकल हाउजी खिलाया गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं साथ ही कपल गेम्स खिलाये गए। कार्यक्रम में सभी ने चंग-धमाल पर खूब मस्ती की। कार्यक्रम के अंत मे कपल लक्की ड्रॉ निकाला गया जो पीयूष-हेमा छाबड़ा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय बड़जात्या ने किया।




# राजेश जैन लारेल परवार समाज के निर्विरोध अध्यक्ष बने



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन परवार समाज धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर के अध्यक्ष पद हेतु 3 मार्च को निर्धारित अवधि में राजेश जैन लारेल के नामांकन पत्र के अलावा अन्य किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं होने से निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त न्यायाधीश नरेंद्र जैन ने आज मध्यान राजेश जैन लॉरेल पिता सुखदयाल जैन को वर्ष 2023 - 25 के लिए ट्रस्ट का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर बधाई देते हुए जैन को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर राजेश जैन के साथ ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष एम के जैन सीए एवं महामंत्री डी के जैन सहित काफी संख्या में विभिन्न दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ जन काफी संख्या में उपस्थित थे। जैन के निर्वाचित होने की घोषणा होते ही उपस्थित लोगों ने आचार्य श्री विद्यासागर जी, आचार्य श्री विशुद्धसागर जी एवं श्री चंदा प्रभु भगवान का जयकारा लगाते हुए जैन को पगड़ी एवं मोतियों और फूलों की माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# भव्य वेदी प्रतिष्ठा सानंद सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सूरजपोल गेट स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर मोहनवाडी में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन समाज श्रेष्ठी राजीव कुमार संजीव कुमार पांड्या के पुण्यार्जन में प्रतिष्ठाचार्य पं प्रद्युम्न कुमार शास्त्री के कुशल निर्देशन में सम्पन्न किया गया। प्रातः 6.30 से नित्य अभिषेक शान्तिधारा देवाज्ञा आचार्य निमंत्रण के कार्यक्रम किये गये तत्पश्चात संगीतकार नवीन कुमार एण्ड पार्टी की मधुर स्वर लहरियो द्वारा यागमण्डल विधान किया गया। मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र बिलाला ने बताया कि महिलाओं एवं अष्टकुमारी बालिकाओं द्वारा घटयात्रा के साथ वेदी शुद्धि वेदी संस्कार एवं वास्तु विधान किया गया। समिति के मानद महामंत्री नरेन्द्र बाकलीबाल ने बताया कि अभिजित मुहुर्त में भगवान बाहुबली स्वामी जी की प्रतिमा को प्रतिष्ठित वेदी में विधि विधानानुसार मंत्रोच्चार पूर्वक विराजमान किया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं एनीमिया के स्तर की गई जांच और किया गया टीकाकरण

**जयपुर. कासं**


अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर 8 मार्च से 14 मार्च तक एक सप्ताह के कार्यक्रमों की श्रंखला में दूसरे दिन गुरुवार को जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिला एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं एनीमिया के स्तर की जांच की गई साथ ही साथ उनका टीकाकरण भी करवाया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलाई गई व 5 वर्ष से 9 वर्ष तक के बच्चों को आयरन टेबलेट वितरित की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ उड़ान योजना अंतर्गत निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा है।माहवारी स्वच्छता प्रबंधन में सेनेटरी नैपकिन के प्रयोग की समझ , उपयोग में लेने के पश्चात नैपकिन के डिस्पोजल की कार्यवाही हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की काउंसलिंग भी की गई।

# जनकपुरी में महिला मंडल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी में महिला मंडल ने रंग बरसे होली के रंग गुलाल की बौछार अपनों का प्यार के साथ मनाया होली का त्यौहार। अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका ने बताया कि डीजे, मस्ती ठंडाई धमाल और गुलाल के साथ सभी महिला मंडल सदस्यों का स्वागत पिंक कलर के गुलाल के साथ किया। मीना चांदवाड और पुष्पा बिलाला ने रंगारंग हाउजी के साथ रंग जमाया। स्नेह लता ने डीजे मस्ती के साथ सुंदर सा गेम खिलाया जिसमें उर्मिला सुनीता शीला बीना अनीता ने बहुत ही मस्ती के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। अंत में सभी ने इंद्र देवता की मेहरबानी के साथ-साथ वात्सल्य भोज का भी आनंद उठाया।





# ऊँची उड़ान-2023



जयपुर. शाबाश इंडिया

सी-स्कीम स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह ऊँची उड़ान प्रांगण में मुख्य अतिथि श्रेष्ठी राजकुमार जी कोट्यारी, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अशोक जैन ''नेता'', अध्यक्ष उमराव मल संघी, उपाध्यक्ष मुकुल कटारिया, मानद् मन्त्री - सुनील बख्शी, संयुक्त मंत्री कमल बाबू जैन कोषाध्यक्ष महेश काला सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य विनोद जैन 'कोटखावदा', मनीष बैद व विद्यालय संयोजक पी.सी.छाबड़ा, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका, रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या अनिल रावका एवं अनेक गणमान्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में अपने आशीर्वचन में राजकुमार कोट्यारी ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों की उच्च स्तरीय सफलता की कामना की। मानद् मन्त्री- सुनील बख्शी ने अपने स्वागतोद्गार में बताया कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिये स्वयं निर्णय लेने की क्षमता और अपने विवेक को जागृत करें। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने मनमोहक एवं भावभीनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने अग्रजों को विदाई दी। संस्था अध्यक्ष उमराव मल संधी ने विद्यार्थियों को सफलता के मन्त्र बताते हुये जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय की स्मृतियों को दशार्ते हुए मनमोहक प्रस्तुतियों से सबको भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अन्त में आचार्या श्रीमती रेनू गोस्वामी ने सभी आगन्तुक अतिथियों शिक्षकों एवम्‌ विद्यार्थियों को आभार व्यक्त किया।

# महिला दिवस पर मीना जैन चौधरी सम्मानित




जयपुर. शाबाश इंडिया

महिला दिवस पर पिंक सिटी प्रेस क्लब में शक्ति स्वरूपा नारी गौरव सम्मान से मीना जैन चौधरी को सम्मानित किया गया। सुनील कोठारी के कर कमलों द्वारा यह सम्मान सामाजिक कार्य में विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया।



# एंबीशन किड्स - स्पोर्ट्स डे फोर मैनेजमेंट स्किल्स

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप नगर श्योपुर रोड स्थित एंबीशन किड्स में एनुअल स्पोर्ट्स डे एवं होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूवात में प्राचार्या डॉ अलका जैन ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद आवश्यक है। इस प्रकार के खेलकूद का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार की मैनेजमेंट स्किल्स डेवलप करना भी है। उपाचार्य अनीता जैन ने बताया की इस एनुअल डे पर विभिन्न प्रकार की रेसेज का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर्डल रेस, ग्लास बैलेंसिंग रेस, लेमन स्पून रेस, लेग टॉय कपल रेस, बैलून टच एंड रन रेस, बॉल थ्रो रेस, टोरटोइस रेस, लॉयन रेस, फ्रॉग रेस, हम्टी-डम्टी रेस आदि प्रमुख



है। कार्यक्रम संचालिका भूमि ने बताया कि इन खेलों के माध्यम से विभिन्न स्किल्स को डेवलप किया जा सकता है। हर्डल रेस के द्वारा एक व्यक्ति में कार्य के प्रति संवेदनशीलता रूपी गुणों का विकास हो सकता है, वहीं ग्लास इन हेड बैलेंस रेस में व्यक्ति के आत्म संयम (पेशेंस) का गुण देखा जा सकता है। लेमन स्पून रेस में व्यक्ति के कॉन्फिडेंस लेवल को परखा जा सकता है, तो वही लैग-टॉय कपल रेस में दो व्यक्तियों के मध्य आपसी सामंजस्य, तालमेल, सूझ-बूझ तथा एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना के विकास को बखूबी परखा जा सकता है। इसी प्रकार अन्य रेसिस के माध्यम से एक लक्ष्य को आत्मविश्वास के साथ विभिन्न स्ट्रेटिजी अपनाकर समय पर किस प्रकार से पूर्ण किया जा सकता है आदि सीखा जा सकता है। इसके पश्चात प्रत्येक रेस से विजेता तथा उपविजेता का चयन किया गया तथा सभी विनर्स को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात होली सेलिब्रेशन कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को टीचर्स ने गुलाल-टीका लगाया व गिफ्ट वितरित किए। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने डांस मस्ती धूम से होली को एन्जोय किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक डॉ मनीष जैन ने सभी टीचर्स एवं स्टाफ मैम्बर्स को इस सफल आयोजन केलिए धन्यवाद दिया तथा सभी विद्यार्थियों को होली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ननुओं समग्र सेवा समिति ने धूमधाम से मनाया महिला दिवस




**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

**जयपुर।** ननुओं समग्र सेवा समिति की जयपुर शाखा द्वारा 8 मार्च को महिला दिवस के कार्यक्रम का आयोजन केशवपार्क कालोनी जामडोली जयपुर में किया गया। जिसके दौरान महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अर्चना यादव, संस्था की अध्यक्षा डा. रचना यादव ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर चर्चा करते हुए संवैधानिक दायित्वों से उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया तथा महिलाओं को स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित होकर देश की प्रगति में भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं आशा वर्मा, नीतू गुप्ता, बुलबुल, प्रियांशी यादव एवं ममता सिंह द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेषित किए गए उपरोक्त कार्यक्रमों में संस्था के पदाधिकारी आर के यादव, अरूण सिंह, डा० विमल यादव शाखा प्रभारी हर्षसहाय, सतीश शर्मा, के साथ-साथ एन०जी०ओ० के सदस्य प्रांजल कुशाग्र, राजेश आदि उपस्थित रहे।

